# राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, राजस्थान, जयपुर

| क्र.सं. | अपील संख्या, अपीलार्थी का नाम एवं पदनाम | प्रत्यर्थीगण का नाम | प्रस्तुतिकरण की दिनांक | आलोच्य आदेश की दिनांक एवं अनुलग्नक | अपीलार्थीगण एवं प्रत्यर्थी विभाग की ओर से उपस्थित अभिभाषक/अधिवक्ता का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1056/2025<br>प्रज्ञा सिंह फौजदार,<br>महिला पर्यवेक्षक | राजस्थान राज्य जरिये प्रमुख शासन सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर एवं अन्य। | 21.01.2025 | 15.01.2025<br>(अनुलग्नक–1) | श्री नितेश कुमार गर्ग, अभिभाषक<br>एवं<br>श्री मनीष सिंह तोमर, राजकीय अधिवक्ता |
| 2. | 1138/2025<br>सुनिता कुमारी मीणा,<br>नर्सिंग ऑफिसर | प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवायें विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर एवं अन्य। | 21.01.2025 | 15.01.2025<br>(अनुलग्नक–1) | श्री सुखराज सिंह राठौड़, अभिभाषक<br>एवं<br>श्री संजीव सिंघल, राजकीय अधिवक्ता |
| 3. | 1143/2025<br>ब्रह्मानन्द मीणा,<br>कृषि पर्यवेक्षक | प्रमुख शासन सचिव, कृषि विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर एवं अन्य। | 21.01.2025 | 15.01.2025<br>(अनुलग्नक–1) | श्री सुधीर गुप्ता, अभिभाषक |
| 4. | 1301/2025<br>फिरोज खान,<br>नर्सिंग ऑफिसर | राजस्थान राज्य जरिये प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर एवं अन्य। | 22.01.2025 | 15.01.2025<br>(अनुलग्नक–1) | श्री अशोक बंसल, अभिभाषक<br>एवं<br>श्री संजीव सिंघल, राजकीय अधिवक्ता |
| 5. | 1322/2025<br>मंजू नैण,<br>एएनएम | राजस्थान राज्य जरिये प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राजस्थान, जयपुर एवं अन्य। | 22.01.2025 | 15.01.2025<br>(अनुलग्नक–1) | श्री संदीप गरसा, अभिभाषक<br>एवं<br>श्री संजीव सिंघल, राजकीय अधिवक्ता |
| 6. | 1349/2025<br>किरण बाला,<br>एएनएम | राजस्थान राज्य जरिये प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर (राज.) एवं अन्य। | 22.01.2025 | 15.01.2025<br>(अनुलग्नक–1) | श्री संजय महला, अभिभाषक<br>एवं<br>श्री संजीव सिंघल, राजकीय अधिवक्ता |
| 7. | 1351/2025<br>सुलोचना कुमारी,<br>एएनएम | राजस्थान राज्य जरिये प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर (राज.) एवं अन्य। | 22.01.2025 | 15.01.2025<br>(अनुलग्नक–1) | श्री संजय महला, अभिभाषक<br>एवं<br>श्री संजीव सिंघल, राजकीय अधिवक्ता |
| 8. | 1355/2025<br>नन्द किशोर शर्मा,<br>वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक | राजस्थान राज्य जरिये शासन सचिव, कृषि विभाग, सचिवालय, जयपुर एवं अन्य। | 22.01.2025 | 15.01.2025<br>(अनुलग्नक–1) | श्री भगवत सिंह चौधरी, अभिभाषक |
| 9. | 1365/2025<br>डॉ. रविकान्त,<br>चिकित्सा अधिकारी | प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान, जयपुर एवं अन्य। | 22.01.2025 | 15.01.2025<br>(अनुलग्नक–1) | श्री महेन्द्र कुमार जोशी, अभिभाषक |
| 10. | 1419/2025<br>विनय जानू,<br>अध्यापक ग्रेड III<br>लेवल 2 (हिन्दी) | राजस्थान राज्य जरिये प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, शासन सचिवालय, जयपुर एवं अन्य। | 23.01.2025 | 07.12.2024<br>(अनुलग्नक–1) | श्री संदीप कलवानिया, अभिभाषक<br>एवं<br>श्री महिपाल खर्रा, राजकीय अधिवक्ता |

**आदेश की दिनांक : 19.02.2025**

**समक्ष :– विकास सीतारामजी भाले, अध्यक्ष**
**अनन्त भंडारी, सदस्य (न्यायिक)**

# आदेश

मामलों की आवश्यक प्रकृति को देखते हुए राजस्थान सिविल सेवा (सेवा मामलों के लिए अपीलीय अधिकरण) अधिनियम–1976 की धारा–4ए के उपबन्ध में शिथिलता प्रदान करने की प्रार्थना स्वीकार कर उक्त समस्त अपीलों पर सुनवाई की गई।

उपरोक्त तालिका में वर्णित समस्त अपीलों में अपीलार्थीगण की ओर से स्थानान्तरण आदेश को चुनौती दी गई और समस्त अपीलों में अपीलार्थीगण ने अपने स्थानान्तरण होने से स्थानान्तरण के संबंध में इस आधार पर प्रार्थना की है कि स्थानान्तरण से उनको पारिवारिक एवं व्यक्तिगत कठिनाइयों का सामना करना पडेगा। अतः अपीलार्थीगण के संबंध में जारी किया गया स्थानान्तरण आलोच्य आदेश अपास्त फरमाया जावे और अपीलार्थीगण को यथा स्थान कार्य करने के निर्देश दिये जावें।

हमनें उभय पक्ष के विद्वान् अधिवक्तागण की बहस सुनी एवं पत्रावलियों पर उपलब्ध समस्त अभिलेख का अनुशीलन कर मनन किया।

बहस के दौरान अपीलार्थीगण के विद्वान् अधिवक्ता द्वारा अपीलों में वर्णित आधारों एवं अपीलार्थीगण द्वारा प्रत्यर्थी विभाग के समक्ष अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत करने पर प्रत्यर्थी विभाग द्वारा नियमानुसार अभ्यावेदन का निस्तारण करने के आदेश प्रदान किए जावें। प्रत्येक कार्मिक को यह अधिकार प्राप्त है कि वह सेवा संबंधी अभाव अभियोग निवारण हेतु अपने नियोक्ता को अभ्यावेदन प्रस्तुत करें।

हमने अपीलार्थीगण द्वारा दिये गये तर्कों पर विचार किया। अपीलार्थीगण का स्थानान्तरण सक्षम अधिकारी द्वारा नियमानुसार किया गया है। जहां तक अपीलार्थीगण की व्यक्तिगत परेशानियों का प्रश्न है, ऐसी स्थिति में हम मामलों की वर्तमान परिस्थिति एवं तथ्यों तथा अपीलार्थीगण के विद्वान् अधिवक्ता की सहमति को ध्यान में रखते हुए हम यह आदेश देना समीचीन समझते हैं कि अपीलार्थीगण आगामी दो सप्ताह की अवधि में विभाग के सक्षम प्राधिकारी को अपनी अपील में वर्णित तथ्यों के संबंध में अभ्यावेदन प्रस्तुत करें। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर में दायर एस.बी.सिविल रिट याचिका संख्या 10723/2024 बलराज बनाम राजस्थान राज्य व अन्य में पारित निर्देशों की पालना में राजस्थान सरकार प्रशासनिक सुधार एवं समन्वयक (ग्रुप–6) विभाग, जयपुर

द्वारा अभ्यावेदन निस्तारण के संबंध में दिनांक 08.10.2024 को परिपत्र जारी कर समस्त विभागों को यह निर्देश दिये गये हैं कि अभ्यावेदन प्राप्ति दिनांक से अधिकतम 30 दिवस में अभ्यावेदन का निस्तारण कर आदेश जारी करें। प्रशासनिक सुधार एवं समन्वयक (ग्रुप–6) विभाग के उक्त परिपत्र दिनांक 08.10.2024 में दिये गये निर्देशों के अनुसार अपीलार्थीगण का अभ्यावेदन संबंधित विभाग द्वारा अभ्यावेदन प्राप्ति दिवस से अधिकतम 30 दिवस में निस्तारण करना सुनिश्चित करें एवं अभ्यावेदन निस्तारण की सम्यक सूचना अपीलार्थीगण को देवें।

अतः उक्त तालिका में वर्णित समस्त अपीलें, मय स्थगन प्रार्थना पत्र, उपर्युक्त निर्देश के साथ अन्तिम रूप से निस्तारित की जाती हैं।

इस आदेश के शीर्षक की तालिका में वर्णित समस्त पत्रावलियों में इस आदेश की प्रति संलग्न की जावे।

**(अनन्त भंडारी)**
**सदस्य (न्यायिक)**

**(विकास सीतारामजी भाले)**
**अध्यक्ष**